**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग**
**राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग जबलपुर**
**eepwdnhjabalpur@gmail.com Ph.No.0761-2620990**

ज्ञाप क्रमांक.2356/तक./ डिण्डोरी /2021–22 जबलपुर, दिनांक 02.12.2021

प्रति,

वनमण्डल अधिकारी ,
सामान्य वनमण्डल डिण्डोरी,
जिला – डिण्डोरी (म.प्र.)

विषय– वन संरक्षण के अंतर्गत जबलपुर–कुण्डम–शहपुरा–डिण्डोंरी मार्ग (रा.रा.क्रं.45 विस्तार ) के प्रस्तावित चौडीकरण के अंतर्गत शहपुरा–डिण्डोंरी परियोजना में आने वाली वनभूमि के व्यपवर्तन (कुल वनभूमि 8.456) के प्रकरण में भाग–2 की पूर्ति करने बावत ।

संदर्भः– आपका पत्र कमाक मा.वि./7246 डिण्डोरी दिनांक 25.11.2021

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के तारतम्य मे लेख है कि यह प्रकरण भारत सरकार के उपक्रम सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय का है एवं भारत सरकार का प्रकरण होने के कारण भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के पत्र क्रं. एफसी–11/50/2020–एफसी दिनांक 18.08.2020 (संलग्न) में दिये गये दिशा निर्देशों के अनुसार प्रभावित वन भूमि के बदले में उतनी ही गैर वन भूमि की जगह दोगुने आर डी एफ क्षेत्र में वैकल्पिक वृक्षारोपण किया जाना है। अतः आवेदक संस्थान भारत सरकार का उपक्रम होने के कारण प्रकरण में प्रभावित वन भूमि 8.456 हेक्टर(परिक्षेत्र शहपुरा –5.541 हे., परिक्षेत्र शाहपुर–0.711 हे. एवं परिक्षेत्र डिण्डोरी–2.231 हे.) के दोगुने आर डी एफ क्षेत्र में वैकल्पिक वृक्षारोपण योजना तैयार किया जाना उचित होगा जिससे प्रकरण में भाग–2 की पूर्ति किया जा सके ।

सहपत्रः–भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
के पत्र क्रं. एफसी–11/50/2020–एफसी दिनांक 18.08.2020
की छायाप्रति।

कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि.रा.रा.संभाग जबलपुर
जबलपुर, दिनांक

पृ. क्रं. /तक / डिण्डोरी /2021–22

प्रतिलिपिः–

1. मुख्य अभियंता –क्षेत्रीय अधिकारी, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, निर्माण भवन भोपाल की ओर सूचनार्थ संप्रेषित ।
2. मुख्य अभियंता लो नि वि रा.रा.परिक्षेत्र निर्माण भवन भोपाल की ओर सूचनार्थ संप्रेषित ।
3. कलेक्टर डिण्डोरी जिला डिण्डोरी की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु संप्रेषित।
4. मेसर्स एल एन मालवीय इन्फ्रा प्रोजेक्टस प्रा.लि.भोपाल की ओर सचूनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित
5. अनुविभागीय अधिकारी लो नि वि रा.रा. उपसंभाग क्रं.1 जबलपुर की ओर सचूनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि.रा.रा.संभाग जबलपुर

LAT 188